***Regarding demand from Ministry of Defence to take a policy decision to allow JJM and Pradhan Mantri Sadak Yojana in Masimpur**

डॉ. राजदीप राय (सिल्चर): महोदय, मैं एक बहुत ही गम्भीर समस्या सदन के सामने रखना चाहता हूँ । प्रधानमंत्री जी का जो डेवलपमेंटल एजेंडा है, जिसके तहत पीएमजीएसवाई और जल जीवन मिशन जैसी स्कीम्स चल रही हैं । डिफेंस एंक्लेव के अंदर जो सिविलियंस रहते हैं, इन स्कीम्स को उन तक पहुँचने में दिक्कत होती है । आज माननीय रक्षा मंत्री जी यहाँ पर मौजूद हैं । मैं रक्षा मंत्री जी की नजर में लाना चाहता हूँ कि मेरे वहाँ सिल्चर लोक सभा क्षेत्र में काफी सारे डिफेंस एंक्लेव हैं । मसिम्पुर में असल राइफल्स और आर्मी की है । वहाँ पर कुछ-कुछ जगहों पर हमारे सिविलियन लोग रहते हैं । कहीं 100 परिवार, कहीं 200 परिवार, कहीं 250 परिवार रहते हैं । जो पट्टा लैंड पर रहते हैं, जो डिफेंस की लैंड नहीं है । वहाँ पर जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाएं पहुँचनी चाहिए ।

HON. CHAIRPERSON: Please put your demand. What is your demand?

DR. RAJDEEP ROY: My demand is that the Ministry of Defence should take a policy decision to allow JJM and Pradhan Mantri Sadak Yojana to reach there.